बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.( आई.टी.आई.सी.ए.टी. )-2014/01 दिनांक- 05.02.2014

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2014

## Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2014

**बिहार राज्य के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (I.T.I.) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2014 के लिये निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं ।**

**2. उपरोक्त प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2014 माध्यमिक स्तरीय होगी और इसकी प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् हैं :-**

- i. **आवेदन-पत्र विक्रय के प्रारम्भ की तिथि ... ... : 07.02.2014 ( शुक्रवार )**
- ii. **आवेदन-पत्र विक्रय की अन्तिम तिथि ... ... : 05.03.2014 ( बुधवार )**
- iii. **पर्षद कार्यालय में निबन्धित डाक/स्पीड-पोस्ट द्वारा भरे हुए आवेदन पत्र पहुँचने की अन्तिम तिथि .... : 13.03.2014 ( वृहस्पतिवार )**
- iv. **परीक्षा की तिथि ... ... ... ... .... : 27.04.2014 ( रविवार )**

**3.** सामान्य (Gen.) / पिछड़ी जाति (BC) / अत्यन्त पिछड़ी जाति (EBC) तथा अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) के लिये अलग-अलग निर्दिष्ट संख्या श्रेणी के अन्तर्गत संख्या वाले आवेदन प्रपत्र निर्धारित हैं जिनके प्रथम पृष्ठ के शीर्ष पर निर्धारित रंग की पट्टी लगी है। कोटिवार निर्धारित आवेदन प्रपत्रों का विवरण निम्नवत है :-

| क्रम सं. | कोटि | आवेदन-प्रपत्र के प्रथम पृष्ठ के शीर्ष की पट्टी का रंग | आवेदन-प्रपत्र संख्या की निर्दिष्ट संख्या श्रेणी | निर्धारित संस्थानों से क्रय हेतु बैंक ड्राफ्ट की राशि | केनरा बैंक की शाखाओं से क्रय हेतु नकद राशि (बैंक चार्ज रु. 25/-सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| | (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | सामान्य (Gen.)/पिछड़ी जाति (BC)/अत्यन्त पिछड़ी जाति (EBC) | काला | 414-100001 से 414-300000 | रु. 550/- | रु. 575/- |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) | लाल | 414-500001 से 414-600000 | रु. 100/- | रु. 125/- |

उपरोक्त सारणी में दी गई मूल्य-राशियों में विवरण पुस्तिका सहित आवेदन-प्रपत्र तथा परीक्षा-शुल्क सम्मिलित है ।

**4.** प्रत्येक अभ्यर्थी को निश्चित रूप से यह जाँच कर लेना चाहिये कि यह उपरोक्त कंडिका-3 की सारणी के अनुसार अपनी कोटि के लिये निर्दिष्ट संख्या श्रेणी के अन्तर्गत संख्या का आवेदन-प्रपत्र क्रय कर रहा है । प्रयोग किये गये जो आवेदन-प्रपत्र कोटि के अनुसार निर्धारित संख्या श्रेणी के नहीं होंगे उनको अस्वीकृत कर दिया जायेगा ।

**5.** विवरण पुस्तिका सहित आवेदन-प्रपत्रों का **विक्रय दिनांक 07.02.2014 से प्रारम्भ होगा और उनको दिनांक 05.03.2014 तक** नीचे दी गई विधियों से प्राप्त किया जा सकेगा :-

(क) उपरोक्त कांडिका-3 की सारणी के कॉलम 4 के अनुसार कोटिवार निर्धारित राशि के ''एकाउंटपेयी'' बैंक ड्राफ्ट (देखें निम्नांकित कंडिका-6) देकर निम्नांकित संस्थानों से (विवरण पुस्तिका सहित) प्राप्त किया जा सकता है :-

(i) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दीघा घाट, पटना, (ii) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ्फरपुर, (iii) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दरभंगा, (iv) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गया, (v) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भागलपुर, (vi) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सुपौल।

(ख) उपरोक्त कंडिका-3 की सारणी के कॉलम 5 के अनुसार कोटिवार निर्धारित नकद राशि देकर **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखाओं से** विहित आवेदन प्रपत्र (विवरण पुस्तिका सहित) प्राप्त किया जा सकता है :-

(i) बहुबती मार्केट, जेल रोड, आरा (ii) एम.जी.रोड, भागलपुर (iii) पुलपर, बिहार शरीफ (iv) लालबाग, दरभंगा (v) बड़ी बाजार, मुंगेर (vi) मेन ब्रांच, गया (vii) तेलपा, छपरा (viii) नियर कचहरी रोड, हाजीपुर (ix) गर्ल्स स्कूल रोड, कटिहार (x) लक्ष्मण वाटिका, बैंक रोड, मोतीहारी (xi) मोतीझील, मुजफ्फरपुर (xii) बुद्ध मार्ग, पटना (xiii) नियर कॉम्युनिटी हॉल, कंकडबाग, पटना (xiv) राजाबाजार, पटना (xv) राजेन्द्र नगर, पटना (xvi) भठ्ठा बाजार, पूर्णियाँ (xvii) बेडा, नियर सुर्या मंदिर, सासाराम (xviii) सेन्ट्रल मार्केट, सीतामढ़ी (xix) गणेश चौक, समस्तीपुर, (xx) यादवपुर रोड, गोपालगंज, (xxi) के.एन. मार्केट, मेनरोड, बेगूसराय ।

**6.** उपरोक्त कंडिका-5(क) के अनुसार वांछित बैंक ड्राफ्ट ''परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड'' के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की पटना शाखा पर देय होना आवश्यक है ।

**7.** आयु सीमा- (क) पहली अगस्त, 2014 तक न्यूनतम आयु 14 वर्ष । किन्तु मेकैनिक मोटर भेहिकिल एवं मेकैनिक ट्रैक्टर के लिये उक्त तिथि को न्यूनतम आयु 17 वर्ष होना आवश्यक है ।

**8.** शैक्षणिक तथा आवासीय अर्हताओं एवं अन्य नियमों / शर्तों को विस्तृत रूप से जानने के लिये इस प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2014 की विवरण पुस्तिका (आवेदन-प्रपत्रों के साथ उपलब्ध) को देखें । इस प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति या सी.बी.एस. ई / समकक्ष से माध्यमिक परीक्षोत्तीर्ण होना वांछित शैक्षणिक अर्हता है । वर्ष 2014 की माध्यमिक परीक्षा देने वाले छात्र भी आवेदन दे सकते हैं किन्तु कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार के समय तक उत्तीर्णता प्राप्त करना आवश्यक है ।

**9. समुचित रूप से भरे गये आवेदन-प्रपत्र ( अनुलग्नकों सहित ) को केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी. ई.बी. बोर्ड, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 के पते पर भेजा जाना है । परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 13.03.2014 ( 5.00 बजे अपराह्न तक ) है । किसी अन्य विधि से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे । किसी भी परिस्थिति में भरे हुए आवेदन-प्रपत्र बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद कार्यालय में हाथों-हाथ भी स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।**

**10. भरे हुए आवेदन-प्रपत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि बढ़ायी नहीं जायेगी ।**

**11.** सम्बन्धित सूचना बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के Website **(i) *www.bceceboard.com* (ii) *www.bcecebonline.com*** पर भी उपलब्ध है ।

**परीक्षा नियंत्रक**

**परीक्षा नियंत्रक, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**